000001

# विश्व पर्यावरण पखवाड़ा

## (22 मई- 05 जून 2012)




cpcb

# केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

आंचलिक कार्यालय (मध्य)

भोपाल

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
आंचलिक कार्यालय (मध्य)
भोपाल

# विश्व पर्यावरण दिवस 2012

प्रत्येक वर्ष की भाँति, इस वर्ष भी आंचलिक कार्यालय , केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड , भोपाल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस (05 जून 2012) को हर्षो-उल्लास के साथ मनाया गया । खास यह रहा कि एक दिन के पर्यावरणीय उत्सव के स्थान पर इसे पखवाड़े (22 मई- 05 जून 2012) के रूप में मनाया गया ।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा वर्ष 2012 हेतु दी गयी थीम **'हरित अर्थव्यवस्था : क्या आप इसका हिस्सा है?'** को ध्यान में रखते हुवे विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों जैसे 'डांस फॉर एनवायरनमेंट', वृक्षारोपण, प्राकृतिक संसाधनो (जल, वनस्पति, वायु) के संरक्षण हेतु जन जागृति, पोलिथीन से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम का आयोजन किया गया।

22 मई से 5 जून 2012 तक लगातार चले 'डांस फॉर एनवायरनमेंट' जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत भोपाल शहर के महत्वपूर्ण स्थानो पर आम जन को ऊर्जा के वैकल्पिक संसाधनो का इस्तेमाल, जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण की उपयोगिता को समझाया तथा साथ ही पोलिथीन के दुरुपयोगों से अवगत कराया गया । इन्ही स्थानो पर जन-जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुवे लोगो को पर्यावरण हेतु डांस के लिए प्रेरित किया गया इसका संदेश यह था कि आम जन इस जन जागरूकता से पर्यावरणीय महत्व को समझे है तथा वे शपथ लेते है कि हम आज से ही पर्यावरण हित में कार्य करेंगे और इसी को सांकेतिक रूप से डांस करके बता रहे है । इस गतिविधि के तहत भोपाल शहर के 70 से 80 स्थानो (राजा भोज एयरपोर्ट, भोपाल रेल्वे स्टेशन, पर्यावरण परिसर, राजा भोज स्टेच्यु, रोशनपुरा चौराहा, भारत भवन, ऊर्जा भवन, रविंद्र भवन, नेहरू नगर पुलिस ग्राउंड, ताज-उल मस्जिद, बेनज़ीर कॉलेज, शाहपुरा लेक, विट्ठल मार्केट, नेहरू नगर बस डिपो, सोलर पेनल राजीव गांधी विश्वविध्यालय, सब्जी बाजार, न्यू मार्केट, बड़ा तालाब, बिरला मंदिर, डी बी मॉल, रंगमहल सर्किल,सागर इंजीनियरिंग कॉलेज, चार इमली बोद्ध स्टेच्यु, इकबाल मैदान, जवाहर बाल भवन, कच्ची बस्ती, एकांत पार्क, जैन मंदिर, टी टी नगर खेल मैदान, एस टी एफ केंप भदभदा रोड) पर वृहद स्तर पर जन जागरूकता कार्यक्रम चलाये गए । इस कार्यक्रम के तहत आंचलिक कार्यालय के प्रतिनिधियों ने 2500 से 3000 लोगो के बीच पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ाया । जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण प्रेमियों द्वारा किए गए 'पर्यावरण के लिए डांस' को कैमरे में कैद कर, पूरे भोपाल वासियों द्वारा किए गए पर्यावरणीय डांस का एक 5.05 मिनट का वीडियो 'डांस फॉर एनवायरनमेंट' तैयार किया गया ।

भोपाल शहर के महत्वपूर्ण, प्रसिद्ध एवं रमणीय स्थलों पर आम जन के साथ जन जागरूकता कार्यक्रम के बाद किए गए डांस की झलकियों के वीडियो में 'गेरी सिचमेन' द्वारा श्री रवीन्द्रनाथ टैगोर की कविता 'स्ट्रीम ऑफ लाइफ (Stream of Life)' पर तैयार किए गए संगीत तथा 'माट हार्डिंग' के वीडियो 'वेयर दा हेल इज माट (Where the hell is matt?)' की डांस शैली को उचित कॉपीराइट अनुमोदन के उपरांत वीडियो 'डांस फॉर

एनवायरनमेंट' में अपनाया गया है। वीडियो में मुख्य डांस किरदार के रूप में कार्यालय के श्री संजय कुमार मुकाती, कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक तथा कैमरे व वीडियो एडिटिंग के लिए श्री राजीव कुमार मेहरा, जे॰ आर॰ एफ॰ को चुना गया था। जन जागरूकता हेतु 'डांस फॉर एनवायरनमेंट' के विचार एवं वीडियो के रूप में तैयार कराने का काम श्री सुनील कुमार मीणा, वैज्ञानिक 'ख' द्वारा किया गया।

जिसे यू-ट्यूब पर **http://www.youtube.com/watch?v=ZZZFdvhyPQg** पर देखा जा सकता है। इस वीडियो को 04 जून 2012 को यू-ट्यूब पर अपलोड किया गया था जिसे दिनांक 18 जून 2012 तक विश्वभर के देशो जैसे भारत, अमेरिका, सिंगापुर, ताइवान व वियतनाम में 245 लोगो द्वारा देखा जा चुका है तथा 16 लोगो द्वारा पसंद भी किया जा चुका है। इस प्रकार यह 'डांस फॉर एनवायरनमेंट' मुहिम दिन, माह या वर्ष में खत्म ना होकर साल-दर-साल चलती रहेगी तथा अपने अपने क्षेत्रों में भी इस प्रकार की गतिविधि चलाकर हम सम्पूर्ण भारतवर्ष/ संसार भर में पर्यावरण जागरूकता बढा सकते है। **'डांस फॉर एनवायरनमेंट' वीडियो की एक प्रतिलिपि रिपोर्ट के साथ डी वी डी के रूप में संलग्न है।**

विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम के बारे में 5 जून से एक माह पूर्व ही जागरूक करने हेतु कार्यालय द्वारा इलेक्ट्रोनिक माध्यम 'फेसबुक (Facebook)' का सहारा लिया गया जिसमे एक इवेंट के तहत लोगो को इसमे शामिल होने हेतु आमंत्रित किया गया जिसको वृहद समर्थन मिला।
जिसे **http://www.facebook.com/events/271663559598654/** लिंक पर देखा जा सकता है।

आम जन में हरित जीवन शैली अपनाने के आर्थिक एवं पर्यावरणीय फ़ायदों को दर्शाते हुए जन सामान्य के समझ हेतु सरल हिन्दी भाषा में एक रंगीन एवं आकर्षक पेम्फलेट तैयार किया गया तथा इसकी रंगीन प्रति को इलेक्ट्रोनिक माध्यम द्वारा अधिक से अधिक लोगो को प्रेषित किया गया तथा जन-जागरूकता कार्यक्रम के दौरान आम जन में बाँटा गया।

विश्व पर्यावरण पखवाड़े के तहत भोपाल शहर की एक सरकारी कॉलोनी (ए॰ जी॰ कॉलोनी) रहवासियों को हरित जीवन शैली क्या है ? इस जीवन शैली को कैसे अपनाये? इसे अपनाने से पर्यावरण की सुरक्षा कैसे होगी? इत्यादि विषयों पर जन-जागरूकता कार्यक्रम के तहत अवगत कराया गया तथा उनकी वर्तमान जीवन शैली को जानने के लिए कॉलोनी का सर्वे किया गया। सर्वे में मुख्य रूप से रहवासियों द्वारा जल, ऊर्जा संरक्षण एवं ठोस अपशिष्ठ के उपयोगी निस्तारण के तरीकों के बारे में जानकारी मांगी गई। पोलिथीन के उपयोग की प्रवृति एवं आवृति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गयी। कुल 166 घरों में से 80 घरों को इस सर्वे में शामिल किया गया।

इसी कड़ी में दिनांक 03 जून 2012 को साँय 7:30 बजे ए॰ जी॰ कॉलोनी में ही **'पर्यावरण संरक्षण में आम जन की भूमिका : क्या आप हरित जीवन शैली अपना रहे है?'** विषय पर संघोष्ठी, पर्यावरणीय प्रश्नोत्तरी, 'डांस फॉर एनवायरनमेंट' वीडियो का विमोचन एवं हरित जीवन शैली पर आधारित कार्टून चलचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कॉलोनी के 200-250 रहवासियों ने अपनी उपस्थिती दर्ज कराई जिनमे बच्चे, बड़े एवं बुजूर्ग हर वर्ग के लोग शामिल रहे।

कार्यक्रम का संचालन श्री सुनील कुमार मीणा, वैज्ञानिक 'ख' द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में 'हरित जीवन शैली क्यों अपनाए एवं इसकी पर्यावरणीय संरक्षण में क्या उपयोगितायें है ?' विषय पर एक संक्षिप्त, आकर्षक एवं समझने में सरल *Power Point Presentation (.ppt)* पर प्रस्तुति दी गयी। इसी क्रम में 'हरित जीवन शैली' पर आधारित 3.40 मिनट का एक कार्टून चलचित्र ***(Energy_ let's save it)*** भी दिखाया गया,

इस कार्यक्रम के दौरान 'डांस फॉर एनवायरनमेंट' वीडियो को भी दिखाया गया तथा इस 'डांस फॉर एनवायरनमेंट' मुहिम में जुड़े ल्यूपिन के 200 से ज्यादा क्रमियों द्वारा पर्यावरण हित सांकेतिक डांस किया गया जिसकी झलक यू-ट्यूब पर **http://youtu.be/7wP0QFraxvw** देखी जा सकती है।

विश्व पर्यावरण पखवाड़े के दौरान किए जाने वाले कार्यक्रमों एवं पर्यावरण संरक्षण व प्राकृतिक संसाधनो के सदुपयोग जैसे संदेशो का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने हेतु इलेक्ट्रोनिक माध्यम जी-मेल, फेसबुक, ट्वीटर, ई-पत्रिका, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम वेबसाइट एवं यू-ट्यूब का सहारा लिया गया जिसके परिणाम उत्साहवर्धक रहे।

ई-पत्रिका (न्यू ओब्सर्वर पोस्ट तथा प्रवासी दुनिया) में छपे लेखो की झलक
http://newobserverpost.blogspot.in/2012/06/blog-post_299.html
http://www.pravasiduniya.com/world-environment-day-on-the-many-programs-organized
पर देखी जा सकती है।

विश्व पर्यावरण पखवाड़े के दौरान आयोजित सभी कार्यक्रमों की झलक https://sites.google.com/site/worldenvironmentday2012/ पर देखी जा सकती है।

आंचलिक कार्यालय, भोपाल द्वारा मनाये जा रहे पर्यावरण पखवाड़े के दौरान 04 जून तक किए गए कार्यक्रमों की झलकियाँ प्रस्तुतिकरण के माध्यम से माननीय अध्यक्षा एवं सदस्य सचिव केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को उनके भोपाल प्रवास के दौरान दिखाई गयी जिसे प्रोत्साहित किया गया। साथ ही प्रदान किए गए मार्गदर्शन के अनुसार उत्साह के साथ 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस को कार्यक्रम समपन्न किया गया।

(सुनील कुमार मीणा)
वैज्ञानिक 'ख़'

***चित्रावली***

## 'डांस फॉर एनवायरनमेंट'








# 'डांस फॉर एनवायरनमेंट'








# पर्यावरण संरक्षण में आम जन की भूमिका

**संगोष्ठी (ए॰ जी॰ कॉलोनी)**

**03 जून 2012**





## संघोष्ठी (ए॰ जी॰ कॉलोनी) 03 जून 2012

000008





# संघोष्ठी (ए० जी० कॉलोनी) 03 जून 2012






## वृक्षारोपण कार्यक्रम






****जन-जागरूकता कार्यक्रम****

**माध्यम : फेसबुक**



****जन-जागरूकता कार्यक्रम****

**माध्यम : यू-ट्यूब**



**जन-जागरूकता कार्यक्रम**

माध्यम : संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम

United Nations Environment Programme
UNEP environment for development

Climate Change | Disasters & Conflicts | Ecosystem Management | Environmental Governance | Harmful Substances | Resource Efficiency

中文 | Español | Français | Português

WED REGISTERED ACTIVITIES

8,977

REGISTER MY ACTIVITY

WORLD ENVIRONMENT DAY | 05 JUNE
Green Economy: Does it include you?

WHAT IS WED? KNOW MORE | CELEBRATE WED ACT NOW | GREEN ECONOMY LEARN MORE | 40TH ANNIVERSARY MILESTONES | INFO MATERIALS DOWNLOADS

## WED Activities around the world

**View Activities by Country**

India Go

**Bhopa-l**

1. 'Dance for Environment': Under this theme mass awareness program are being arried out around the bhopal city. A video is also prepared of 'Dancing public for environment'. 2. One government colony was serveyed for their carbon footprinting. A program will be organised on 3 June 2012 at this colony to aware them for Green lifestyle. 3. Interactive & atttractive pamphlet were designed and distributed electronically. 4. On 5 June plantation will be done at Smiriti Bhawan, Bhadbhada road, Bhopal

For more information, please contact
sunil Kumar Meena
Central Pollution Control Board
Website

**जन-जागरूकता कार्यक्रम**

माध्यम : हरित जीवन शैली पर आधारित पेम्फलेट

# विश्व पर्यावरण दिवस

05 जून 2012

## हरित अर्थव्यवस्था

क्या आप इसका हिस्सा है?

**क्या है ग्रीन अर्थव्यवस्था ?**

प्राकृतिक संसाधनों का कम दोहन करते हुए ऐसी युक्तियाँ अपनाना जिससे कि कार्बन उत्सर्जन कम से कम हो, ऊर्जा संरक्षण व संसाधन क्षमता बढ़े तथा जैव विविधता एवं पारिस्थितिकी तंत्र सुदृढ़ बना रह सके।

**क्या आप सुदृढ़ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए कुछ कर सकते हैं ?**

जवाब है, हाँ

आप कुछ नहीं बहुत कुछ कर सकते हैं।

cpcb

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

आंचलिक कार्यालय (मध्य)

भोपाल (म.प्र.)

www.cpcb.nic.in

UNEP

Green Economy: Does it include you?

## बिजली

| उपाय | वार्षिक बचत (रुपये) | वार्षिक कार्बन उत्सर्जन में कमी (किलोग्राम) |
|---|---|---|
|  100 वॉट के बल्ब के स्थान पर 20 वॉट का सी.एफ.एल. बल्ब 3.5 घंटे चलाने पर | 409 | 84 |
|  2 घंटे टी.वी. या कम्प्यूटर के स्थान पर बाहर जाकर खेलने पर | 300 से 450 | 60 से 90 |
|  कमरे/केबिन से बाहर जाते हुए लाइट एवं पंखा बंद करने पर (01 घंटा रोज) | 134 | 28 |
| रोज 12 घंटे चलने वाले 5 – स्टार पंखे पर | 176 | 36 |
| 5 – स्टार फ्रिज उपयोग में लाने पर | 1312 | 269 |
|  रोज 8 घंटे चलने वाले 1.5 टन 5 –स्टार एयर–कंडीशनर पर | 1382 | 283 |
|  पानी गर्म करने में सोलर हीटर उपयोग में लाने पर | 3352 | 687 |
| रोज साथ–साथ खाना खाने पर | 146 | 30 |
| टी.वी./सेट–अप बॉक्स/ डी.वी.डी. प्लेयर आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को रिमोट के बजाय मेन पॉइंट से बंद करने पर | 518 | 106 |

UNEP

Green Economy: Does it include you?

**जन-जागरूकता कार्यक्रम**


**माध्यम : हरित जीवन शैली पर आधारित पेम्फलेट**

## वृक्ष और कागज

| उपाय | वार्षिक कार्बन उत्सर्जन में कमी (किलोग्राम) |
|---|---|
|  प्रत्येक माह एक रीम (500 पेज) कागज का उपयोग कम करने पर | 87 |
| प्रत्येक माह 50 पेज डबल साइट प्रिंट लेने पर | 8.7 |
| ई-स्टेटमेंट (प्रिंट न लेने पर) | 5.22 |
| प्रत्येक माह 100 छात्रों के 50 पुराने कागज पर रफ कार्य करने पर | 870 |
| 100 छात्रों के अपनी 10 पुस्तकें अपने जूनियर को देने पर | 870 |
|  आवास परिसर के चारों ओर 100 वृक्ष लगाने पर | 366-1000 |

### ईंधन बचाने के कुशल तरीके:

- भोजन बनाते समय बर्तन व कढ़ाई आदि को ढ़कें।
- खाने में उबाल आने पर आंच कम करें।
- खाना बनाने के लिए उचित मात्रा में पानी का उपयोग करें।
- गैस जलाने से पूर्व सभी सामग्री तैयार रखें।
- फ्रिज में रखे खाने को गर्म करने से पहले बाहर निकाल कर रखें।
- गैस बर्नर को रोजाना साफ करें।
- चावल, दाल आदि को पकाने से पहले भिगो कर रखें।
- एक साथ खाना खाएं ताकि बार-बार खाना गर्म न करना पड़े।




UNEP

Green Economy: Does it include you?

## पानी

### प्रतिदिन 100 लीटर पानी बचाने के उपाय

- टपकते नल की तुरंत मरम्मत कराएं।
- होज पाइप की जगह बाल्टी से गाढ़ी धोएं।
- वाशिंग मशीन के प्रत्येक चक्र में जितने कपड़े आ सकते हों, उतने भरें।
- नहाने के लिए शॉवर की बजाय बाल्टी का उपयोग करे।
- फर्श धोने के स्थान पर पोछा लगायें।
- कपड़े धोने के उपरांत निकले जल का उपयोग टायलेट फ्लेशिंग में करें।



## परिवहन

| उपाय | वार्षिक बचत (रुपये) | वार्षिक कार्बन उत्सर्जन में कमी (किलोग्राम) |
|---|---|---|
|  व्यक्तिगत रूप से प्रतिदिन 40कि.मी. चलाई जा रही एक कार के सड़क पर न होने से | 29352 | 1321 |
|  कार के बजाय स्कूल द्वारा उपलब्ध कराये गये परिवहन (बस) का उपयोग करने पर | 6941 | 477 |
|  पास की दूरी (1 कि.मी.) कार/मोटरसाईकल के बदले पैदल चलकर पूरी करने पर | 240 से 1070 | 11 से 48 |
|  ट्रैफिक जाम और लाल बत्ती के समय दुपहिया/छोटी कार का इंजन बंद करने पर | 1070 से 1400 | 48 से 64 |
| वाहन (कार) के टायर में उचित हवा भरकर चलाने पर | 3344 | 150 |

आभार: पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली व सेंटर फॉर एन्वायरनमेंट एजुकेशन, नई दिल्ली

UNEP

Green Economy: Does it include you?

पत्र-पत्रिका कवरेज

6 . CityLINE | MONDAY . JUNE 4 . 2012 . BHOPAL . The Hitavada


# Regional office of Central Pollution Control Board to World Environment Day

**Staff Reporter**

REGIONAL office of Central Pollution Control Board is going to celebrate World Environment Day on June 5. Several programmes are being organised on this occasion.

According to information received, several programmes including dance, plantation, public awareness and others activities are being organised on this occasion. The dance to create awareness for environment is being presented under the leadership of Sunil Kumar Meena. The main objective of the programme is to make aware the people about the importance of environment and its conservation.

Ahead of this, an awareness programme was organised wherein the people were informed about the alternative resources of energy. Under the 'Dance for environment', the public awareness programme was organised more 70 places including Railway Station, Airport, near Raja Bhoj Statue, Roshanpura Square, Bharat Bhawan, Ravindra Bhawan, Nehru Nagar Police Ground, Benzir College, Shahpura Lake, Bittan Market, new Market, Birala Temple, DB Mall, Rangmahal Circle, Sagar Engineering College, Iqbal Ground and others places in the State capital from May 21 to June 1 and a movie was also made. A movie was displayed at AG Colony on Sunday.



Children taking part in the quiz competition.

A programme- Role of common people in environment conservation- was organised at AG Colony located at Bhadbhada on Sunday. The programme was anchored by Sunil Kumar Meena. During the program, a quiz competition was also held, wherein several children took part.

Senior Superintended Engineer of Madhya Pradesh Pollution Control Board R K Shrivastava, regional officer of central pollution control board R S Kori, Sahab Lal Gupta and others were also present on the occasion.

ई-पत्रिका




## विश्व पर्यावरण दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन

**केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के भोपाल स्थित आंचलिक कार्यालय (मध्य) द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन**

भोपाल। यहाँ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आंचलिक कार्यालय केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल द्वारा अनेक रोचक, मनोरंजक व प्रेरक कार्यक्रमों के साथ पर्यावरण पखवाड़ा मनाया गया जिसके अंतर्गत 'डांस फॉर एनवायरनमेंट', वृक्षारोपण, जन जागरूकता, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु जन जागृति, पोलिथीन से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम आदि विषय शामिल किए गए। आंचलिक कार्यालय द्वारा 'डांस फॉर एनवायरनमेंट' की प्रस्तुति श्री सुनील कुमार मीणा (वैज्ञानिक 'ख') के युवा नेतृत्व में की गई। संयुक्त टीम का उद्देश्य भोपाल शहर के प्रमुख स्थलों पर विभिन्न आयु वर्गों के नागरिकों के मध्य पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के नियंत्रित उपयोग व प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रति जागरूक करना था। आयोजन का उद्देश्य ऊर्जा के वैकल्पिक संसाधनों का इस्तेमाल जल संरक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति भी जन सामान्य को प्रोत्साहित करना रहा।

'डांस फॉर एनवायरनमेंट' के तहत भोपाल के 70 से ज़्यादा स्थानों पर पूरे पखवाड़े भर जन-जागरूकता कार्यक्रम किये गए।

पखवाड़े के दौरान अपार जन समूह के साथ 'पर्यावरण संरक्षण और आम जन की भूमिका' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें हरित जीवन शैली विषय पर एक प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति उपरांत 'हरित जीवन शैली' पर आधारित कार्टून चलचित्र दिखाया गया। कार्यक्रम के संचालक श्री सुनील कुमार मीणा, सहायक पर्यावरण अभियंता द्वारा दी गयी पर्यावरण प्रस्तुति पर आम जन के साथ विस्तृत चर्चा की गयी। शहर के सैकड़ों बच्चों के लिये पर्यावरणीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया तथा 'पर्यावरण मित्र' के रूप में अनेक लोगों को उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु पुरस्कृत एवं सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में पधारे अतिथि पार्षद श्रीमती लीला बहुगुणा, श्री आर. के. श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधीक्षण यंत्री, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, श्री आर एस कोरी, आंचलिक अधिकारी, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल, श्री साहब लाल गुप्ता, महा लेखाकार तथा श्री आलोक सिंघई, क्षेत्रीय अधिकारी, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल द्वारा लोगों को हरित जीवन शैली कैसे अपनाए तथा क्या-क्या उपाय करें संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई।

- प्रस्तुतिः किशोर श्रीवास्तव




## विश्व पर्यावरण दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन

Posted by Arif Jamal Top News Tuesday, June 05, 2012

**केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के भोपाल स्थित आंचलिक कार्यालय (मध्य)** भोपाल। यहाँ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आंचलिक कार्यालय केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल द्वारा अनेक रोचक, मनोरंजक व प्रेरक कार्यक्रमों के साथ पर्यावरण पखवाड़ा मनाया गया जिसके अंतर्गत 'डांस फॉर एनवायरनमेंट', वृक्षारोपण, जन जागरूकता, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु जन जागृति, पोलिथीन से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम आदि विषय शामिल किए गए। आंचलिक कार्यालय द्वारा 'डांस फॉर एनवायरनमेंट' की प्रस्तुति श्री सुनील कुमार मीणा (वैज्ञानिक 'ख') के युवा नेतृत्व में की गई। संयुक्त टीम का उद्देश्य भोपाल शहर के प्रमुख स्थलों पर विभिन्न आयु वर्गों के नागरिकों के मध्य पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के नियंत्रित उपयोग व प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रति जागरूक करना था। आयोजन का उद्देश्य ऊर्जा के वैकल्पिक संसाधनों का इस्तेमाल जल संरक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति भी जन सामान्य को प्रोत्साहित करना रहा।